**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 06.02.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **राज्य विधानसभा में आज नए जिलों को निरस्त करने के मुद्दे पर चर्चा हुई–संसदीय कार्यमंत्री ने कहा–राज्य सरकार को जिले बनाने और समाप्त करने का पूरा अधिकार।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–केन्द्र सरकार राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम कर रही है।**
- **जयपुर जिले में दूदू के पास एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मृत्यु–तीन घायल।**
- **38वें राष्ट्रीय खेलों में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम स्पर्धा में राजस्थान को रजत पदक।**

000

राज्य विधानसभा में आज नए जिलों को निरस्त करने के मुद्दे पर चर्चा हुई। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने शून्यकाल के दौरान हुई चर्चा में कहा कि जिले बनाने या समाप्त करने का राज्य सरकार को पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और दूरगामी सोच के साथ ही नए जिलों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने नए जिलों के मुद्दे पर हुई चर्चा का ब्यौरा मीडिया से साझा करते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई विजन और मुद्दा नहीं है। मौजूदा सरकार ने जनता की मांग पर ही नए जिलों के दोबारा परिसीमन का निर्णय लिया है।

...................

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में राजमैस सोसायटी के तहत 22 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ, राजसमंद और जालौर में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालित किये जाएंगे। एक अन्य प्रश्न के जवाब में श्री खींसवर ने आश्वस्त किया कि साइबर थानों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में किसी तरह की आनाकानी करने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज विधानसभा में विधायक दल की बैठक ली। इस दौरान श्री शर्मा ने सभी विधायकों से सदन में उपस्थित रहने और ज्यादा समय बिताने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सदस्य पूरी तैयारी के साथ सदन में आएं और किसी भी विषय पर बोलने से पहले उसका समुचित अध्ययन करें।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम कर रही है। उन्होंने बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रेरक बताते हुए कहा कि श्रीमती मुर्मू ने सरकार की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने वंचितों और महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इसके साथ ही लोगों को मुद्रा योजना के जरिए उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

000

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन दस फरवरी को होगा। ये कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में होगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का ये आठवां संस्करण है। इसे आठ एपिसोड के नए प्रारूप में किया जाएगा। **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के पहले एपिसोड में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इसके बाद अन्य अंकों में विभिन्न क्षेत्रों की नामी हस्तियां विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव साझा करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है।

000

जयपुर जिले में दूदू के पास एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मृत्यु हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर मोखमपुरा क्षेत्र में बम्बोरिया ढाणी के पास रोडवेज बस और कार के बीच टककर से हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार का टायर फटने से वो बेकाबू होकर विपरीत दिशा से आ रही बस से टकरा गई। कार में सवार ये लोग भीलवाडा से प्रयागराज जा रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य शुरू किये।

000

प्रदेश में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत 12 सौ से ज्यादा मामले दर्ज कर 122 इनामी तस्करों सहित करीब 14 सौ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब साढे 54 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ और प्रतिबंधित दवाईयां भी जब्त की गई। श्री साहू ने बताया कि पुलिस ने प्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए **ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान** चलाया। उन्होंने बताया कि इसके तहत श्रीगंगानगर में दो हजार करोड रुपये से अधिक की ठगी करने वाले आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जयपुर में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले गिरोह से जुडे तीस आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने पर तुरंत इसकी शिकायत पोर्टल पर दर्ज कराएं।

000

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम स्पर्धा में राजस्थान ने आज रजत पदक हासिल किया है। 28 जनवरी से शुरू हुए इन खेलों में अब तक राजस्थान ने सात स्वर्ण, पांच रजत और पंद्रह कांस्य पदक सहित कुल 27 मैडल जीते हैं। पदक तालिका में राजस्थान 11वें स्थान पर है। 54 मेडल्स के साथ अब तक कर्नाटक शीर्ष स्थान पर है।

000

तीन दिवसीय भीलवाड़ा महोत्सव का आगाज कल से होने जा रहा है। इसका आयोजन अटूट धागे संस्कृति थीम पर किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव के दौरान राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, पारम्परिक वेशभूषा और नृत्य संगीत के विविध रंग देखने को मिलेंगे।

000

जयपुर में कल से **भारतीय पक्षी मेले** की शुरूआत हो रही है। दो दिन चलने वाला बर्ड फेयर जलमहल पर मानसागर झील के किनारे लगेगा। इसमें पक्षी विशेषज्ञ दूरबीन और टेलीस्कॉप के जरिए विभिन्न प्रजातियों के पक्षी दिखाएंगे और उनके सरंक्षण के बारे में बताएंगे। इस वर्ष मेले का 28वां संस्करण है। **वन्यजीव और मानव के बीच संघर्ष** थीम पर इस फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर चिड़िया घर और वाइल्ड लाइफ सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से ये मेला लगाया जा रहा है।

000

प्रदेश में आज नागौर, करौली, सीकर और बीकानेर जिलों में कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति रही। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सीकर के फतेहपुर में 2 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। 14 शहरों में आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। वहीं बीते 24 घंटों में दिन का तापमान सभी स्थानों पर औसतन 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कल भी शीतलहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। जयपुर और सवाईमाधोपुर में भी आज दिनभर सर्द हवाओं का असर रहा।

000

प्रदेश के सरकारी और निजि स्कूलों में तीन फरवरी को हुए सामूहिक सूर्य नमस्कार ने एक बार फिर कीर्तिमान रचा है। सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में हुए इस आयोजन में एक करोड़ 53 लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की। इसके साथ ही पिछले साल के एक करोड़ 33 लाख प्रतिभागियों के सामूहिक सूर्य नमस्कार के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि की ओर से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को आज विधानसभा परिसर में इस रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा।

000

वित्तीय वर्ष 2025–26 में सेवानिवृत्त होने जा रहे राज्य कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी आगामी एक अप्रेल को भुगतान के लिए परिपक्व हो रही है। राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग द्वारा इन पॉलिसियों का भुगतान इस साल अप्रेल के पहले सप्ताह में कार्मिकों के बैंक खाते में जमा हो जाएगा। विभाग के निदेशक धनलाल शेरावत ने बताया कि संबंधित सभी बीमादारों के दावों का समय पर भुगतान करने के उद्देश्य से उन्हें दावा प्रपत्र ऑनलाइन जमा कराने का आग्रह किया जा रहा है।

000